तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 28 जनवरी 2024

12 जींद-कैथल में हर्ष के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

12 योजनाओं को घर-घर लेकर जाएंगे कार्यकर्ता



# देवेन्द्र सहरावत जी को जिला वासियों ओर सफीदों विधान सभा वासियों की तरफ से जन्मदीन की हार्दिक शुभकामनाएं



## शख्सियत

**लक्ष्य**
सफीदों में स्वास्थ्य सेवाएं, हलके के लोगों को खुशहाल जीवन देना, शिक्षा क्षेत्र में सफीदों हलका बने अव्वल, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा, शिक्षा एवं जन सेवा केंद्र मुफ्त हो, युवाओं के लिए रोजगार, किसान व मजदूर खुशहाल हो।



नाम - देवेंद्र सहरावत
पिता का नाम - सूबेदार मेजर राजेंद्र सहरावत
निवासी - मलार, सफीदों
Education - B.Tech Civil Engineer
Experience- Civil & Health Services










### परिचय
देवेंद्र सहरावत आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इनका जन्म 28 जनवरी 1991 को सफीदों हलके के गांव मलार के साधारण परिवार में हुआ। आपने अपनी शुरुआती शिक्षा मलार गांव के गवर्नमेंट स्कूल से प्राप्त की और उच्च शिक्षा पायनियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद आप डिग्री की शिक्षा ग्रहण करने हेतु कुरुक्षेत्रा यूनिवर्सिटी चले गए। आपका बचपन से ही झुकाव समाज सेवा की तरफ रहा है। यही कारण है कि आपने अपनी नौकरी छोड़ कर अपने हलके के लोगों की सेवा करने हेतु सफीदों में आकर अस्पताल खोलकर हलके के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने लगे। आप बालाजी सालासर में आस्था रखते हैं। आपके पिता श्री राजेंद्र सहरावत आर्मी में मेजर सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। आपके पिता के अलावा आपके भाई भी सेना में शामिल होकर देश की रक्षा कर रहे हैं।आपकी पत्नी रीना हुड्डा सहरावत किलोई (रोहतक) गांव से है जिन्होंने बीएड व एमएससी नेट की परीक्षा में 26वी रैंक हासिल कर अब सरकारी स्कूल में शिक्षिका के रूप में बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रही हैं। देवेंद्र सहरावत को समाज सेवा और देशभक्ति की शिक्षा घर के माहौल से ही मिली है। यही कारण है कि बचपन से ही अपने पिता के साथ समाज सेवा के कार्यों में भाग लेना, अपने क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना और उनके कष्ट का निवारण करना आपकी प्राथमिकता रही है।

आपने अपनी शिक्षा पूरी होने के बाद 2014 से गुरुग्राम की एक विख्यात कंपनी **एस एस ग्रुप** के साथ जुड़कर नौकरी की शुरुआत की। इस कंपनी में 3 साल काम करने के बाद 10 साल कड़ी मेहनत कर आपने अपना खुद का बिजनेस सेटअप शुरू किया। बालाजी भगवान को मानने वाले देवेंद्र सहरावत का मानना है कि वह तो काम की शुरुआत भर करते हैं और बालाजी भगवान के आशीर्वाद से सभी काम पूर्ण होते चले जाते हैं। देवेंद्र सहरावत आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। आप वो शख्सियत हैं जिन्होंने अपने जीवन में ना कभी हार मानी है और ना ही कभी पीछे मुड़कर देखा। देवेंद्र सहरावत हमेशा अपने समाज और दोस्तों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। देवेंद्र सहरावत बताते हैं कि उनका एक ही सपना है कि सफीदों हलके का प्रत्येक व्यक्ति खुशहाल हो। सफीदों हलके के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं हेतु हलके से बाहर जाने की जरूरत ना पड़े। बच्चों की शिक्षा हेतु उच्च कोटि के शिक्षण संस्थान खोले जाएं। देवेंद्र जी बताते हैं कि वह पिछले दो सालों से बालाजी हॉस्पिटल के माध्यम से सफीदों हलके के आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। जब उन्होंने सफीदों हलके में बालाजी अस्पताल के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देना शुरू किया तब उन्हें पता लगा कि सफीदों हलका स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। लेकिन अब देवेंद्र सहरावत ने ठान लिया है कि सफीदों हलका आने वाले समय में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हरियाणा में अव्वल स्थान प्राप्त करेगा। वह बताते हैं कि हम अपने क्षेत्र के विकास हेतु दिन-रात मेहनत करेंगे। इनका मानना हैं कि आज उन्होंने जो भी मुकाम हासिल किया है उसके पीछे उनके दोस्त परविंदर कादयान, अजय मलिक, सुनील यादव, सुनील पांचाल, मनीष वशिष्ठ, कन्हैया बंधु, रविंद्र शर्मा व डॉ. राजेश के साथ-साथ परिवार और समाज का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है

### राजनीतिक पृष्ठभूमि
देवेंद्र सहरावत एक समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। लेकिन समाज सेवा के साथ-साथ देवेंद्र सहरावत राजनीति की भी अच्छी परख रखते हैं। देवेंद्र अशोक जौनपरिया को अपना राजनीतिक एवं व्यवसायिक गुरु मानते हैं। आपको बता दें कि अशोक जौनपरिया टोंक सवाई माधोपुर से 2 बार एमपी एवं सोहना से भूतपूर्व विधायक श्री सुखबीर जौनपरिया के पुत्र है। देवेंद्र सहरावत बहन कुमारी शैलजा जी, ईश्वर कौशिक जी एवं हनुमान बैनीवाल जी को अपना आइडल नेता मानते हैं। देवेंद्र सहरावत का मानना है कि अपने हलके का विकास एक अच्छे विजन और लक्ष्य के साथ ही किया जा सकता है।



### सेवाएं
1 - सफीदों हलके के 17 गांव में मुफ्त स्वास्थ्य जांच, मुफ्त दवाई वितरण, ब्लड डोनेशन कैंप

2 - जरूरतमंद परिवार व गरीब परिवार को स्वास्थ्य सेवा सस्ती या मुफ्त मिले, इसके लिए काम कर रहे हैं।

3 - सफीदों हलके के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं हेतु क्षेत्र से बाहर ना जाना पड़े इसके लिए देवेंद्र सहरावत ने सफीदों शहर और पीलूखेड़ा में बालाजी अस्पताल खोले हैं।

4 - सफीदों हलके में देवा फाउंडेशन स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

5 - जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई हेतु 2 जनवरी 2024 से फ्री कोचिंग क्लास से शुरू।

6 - सीएससी यानी सरल केंद्र के अंतर्गत आमजन व विद्यार्थियों को सरकारी सेवा लेने हेतु मुफ्त सेवाएं।

7 - देवा फाउंडेशन के फाउंडर देवेंद्र सहरावत जनवरी से सफीदों हलके के 72 गांव में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य देने हेतु मुफ्त कैंप लगाएंगे।

8- देवेंद्र सहरावत ने गुरू नानक श्याम स्वामी के साथ मिलकर 6 गांवों में मुफ्त सिलाई सैंटर खोल रखें हैं।





























**5 फरवरी 2024 कांग्रेस जन सन्देश यात्रा, सिटी पार्क ग्राउंड, हाट रोड़ सफीदों पहुँच रही है। आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँचकर बहन कुमारी सैलजा के विचार सुनें।**

**निवेदक: देवेन्द्र सहरावत**

## खबर संक्षेप

### बरसोला स्टेशन के पास अज्ञात का शव बरामद

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर बरसोला स्टेशन के पास ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। शव की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। रेलवे चौकी उचाना को सूचना मिली थी कि बरसोला स्टेशन के पास ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है।

### कैथलः युवक का फोन छीनकर आरोपित फरार

**कैथल।** अंबाला रोड पर दो आरोपी एक युवक का मोबाइल छीनकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खुशहाल माजरी निवासी गर्वित शर्मा ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 25 को वह अंबाला रोड से आ रहा था। जब वह लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के पास पहुंचा तो बाइक सवार दो अज्ञात आरोपी उसका मोबाइल छीनकर भाग गए।

### मकान में घुसकर की तोड़फोड़, मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गांव ब्राह्मणवास में मकान में घुसकर तोड़फोड़ करने महिला के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।
ब्राह्मणवास गांव निवासी शुकंतला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके घर में घुसकर पूनम, शाबो व प्रवीन ने तोड़फोड़ की और उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### दुकान से कपड़ा, नकदी और अन्य सामान चोरी

**कैथल।** चोर दो दुकानों से कपड़ा, नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव भाणा निवासी कृष्ण चंद ने शहर थाना में शिकायत दी कि कैथल में कपड़ा मार्केट में उसकी कपड़े की दुकान है। 20 जनवरी को रात के समय अज्ञात आरोपी दुकान से 40 हजार रुपये का कपड़ा चोरी कर ले गए।

### हरियाणा में बनेगी कांग्रेस की सरकार

**जुलाना।** गठबंधन सरकार के चलते प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी दिनों दिन अपने पांव पसार रही हैं लेकिन सरकार का न बेरोजगारी पर नियंत्रण हैं और न ही महंगाई पर। ऐसे में हरियाणा में 2024 में होने वाले विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। यह बात पूर्व मंत्री सत्यनारायण लाठर के पौते व कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता मोहित लाठर ने बुआना में घर-घर कांग्रेस हरण्घर कांग्रेस अभियान चलाते ग्रामीणों से कही।

### वन टाइम सेटलमेंट स्कीम का लाभ उठाएं व्यापारी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि आबकारी व कराधान विभाग द्वारा कर वसूली को लेकर वन टाइम सेटलमेंट योजना की शुरूआत की गई है। पंजीकृत व्यापारी और उद्योगपति आगामी 30 मार्च तक योजना का लाभ उठा सकते हैं। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि सरकार ने कर वसूली के लिए आबकारी कराधान विभाग ने शुरू की वन टाइम सेटलमेंट योजना की शुरूआत की है।

### दो मकानों के ताले तोड़ लाखों की चोरी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड 11 से घर का ताला तोड़ कर गहने और सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड 11 निवासी महिला अनिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने ताला तोड़ कर एक तोले सोने की बाले, सोने का लोकेट, पाजेब व एक एलईडी चोरी कर ली।

### इनेलो खेल प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**जींद।** जिला इनेलो खेल प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान खिलाडियों के लिए पार्टी द्वारा लागू की गई खेल नीति से सभी को अवगत करवाया गया। इसके साथ ही खेल प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सूबे सिंह के दोबारा मनोनीत किए जाने पर उनको बधाई दी गई।

## जींद में बिजली मंत्री ने ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की ली सलामी

# जींद-कैथल में हर्ष के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय एकलव्य स्टेडियम में 75वां गणतंत्रा दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से मनाया गया। समारोह में हरियाणा सरकार में बिजली मंत्री रणजीत सिंह ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण करते हुए मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि 74 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। आज इस अवसर पर वो बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करते हैं। आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। इस दिन हम उन महापुरुषों को भी याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलवाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी बदौलत ही भारत आज एक गणरा'य देश कहलाता है। उन्होने कहा कि देश की प्रगति के इस सफर में हरियाणा का भी महत्वपूर्ण योगदान है। आज भारतीय सेना का हर दसवां जवान हरियाणा प्रदेश से है। हम अपने शहीदों के बलिदानों का कर्ज तो नहीं चुका सकते लेकिन उनके परिजनों की देखभाल करके उनके प्रति सम्मान अवश्य जता सकते हैं। सरकार ने युद्ध के दौरान शहीद हुए हरियाणा के सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला रा'य है, जिसने बागवानी फसलों को मौसम की मार से बचाने के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना शुरू की है। हर वर्ग के लिए सरकार ने योजनाएं बनाई हैं। गणतंत्र समारोह से पूर्व बिजली मंत्री ने गोहाना रोड स्थित शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र चढाया। इस मौके पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## कैथल में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के साथ-साथ संविधान सभा के सभी सदस्यों को किया नमन



**जींद।** शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह।

### सफीदों में सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने ध्वजारोहण किया

**सफीदों।** सफीदों के रामलीला मैदान में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हषाेल्लास से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने पहुंचकर ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार फोगाट, डीएसपी आशीष कुमार, सहायक रजिस्ट्रार आदिति सांगर, पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, पूर्व विधायक रामफल कुंडु, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरपाल राणा, प्रदेश प्रवक्ता कर्मबीर सैनी व पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय बिट्टा मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद ने खुली जीप में सवार होकर परेड़ का निरीक्षण किया। पुलिस, एनसीसी व स्कूली बच्चों ने शानदार मार्च पास्ट किया। विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न महकमों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली गई।

### शहीदों की शहादत को देशवासी हमेशा याद रखेंगेः एसडीएम

**नरवाना।** कस्बे की नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में एसडीएम अनिल कुमार दून ने ध्वजारोहण किया और भव्य परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सब डिविजनल 'यूडिशल मजिस्ट्रेट विशाल व 'यूडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नवीन विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन मुकेश मिर्धा की गरिमामई उपस्थिति रही । समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि गणतंत्र दिवस के पावन पर्व के साथ देशभक्तों के त्याग और बलिदान की लंबी गौरव गाथा जुड़ी हुई है । देश के ज्ञात-अज्ञात राष्ट्र भक्तों एवं शहीदों की शहादत को भारतीय हमेशा याद रखेंगे। वर्ष 1950 में 26 जनवरी को सभी देशवासियों को संवैधानिक आजादी प्राप्त हुई। इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ और छोटे-बड़े,अमीर-गरीब सभी नागरिकों को न्याय स्वतंत्रता और समानता का अधिकार प्राप्त हुआ साथ ही देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए हमारे मौलिक कर्तव्य भी निर्धारित हुए। जिनका हमें राष्ट्र एवं समाज हित में सकारात्मक निर्वहन करना चाहिए। यही संविधान निर्माताओं और देशभक्तों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नायब तहसीलदार सुरेंद्र भारद्वाज, बीईओ सुरेश नैन आदि मौजूद रहे।

## कैथलः डिप्टी स्पीकर ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा गणतंत्र दिवस पर परेड का निरीक्षण करते हुए।

डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि अमर सेनानियों के बलिदानों से हमें गणतंत्र दिवस मनाने का गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ है। आज ही के दिन 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ था, जिससे हम सभी को न्याय स्वतंत्रता और समानता का अधिकार मिला। इस पुनीत अवसर पर बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के साथ-साथ संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करता हूं। यह ऐतिहासिक दिन देश वासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा पुलिस लाईन मैदान में आयोजित 75 वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि ध्वज फहराने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पर जाकर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उन्होंने स्कूली बच्चों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाज सेवियों को सक्वमानित किया। हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, डीसी प्रशांत पंवार, एसपी उपासना आदि मौजूद रहे।

### गुहला-चीका : विधायक रामनिवास ने फहराया तिरंगा

**गुहला-चीका।** विधायक रामनिवास ने कहा कि हमारे देश के गणतंत्र ने देशवासियों को सामाजिक समरसता तथा जन प्रतिनिधित्व का अधिकार दिया है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक चीका में आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इससे पहले विधायक ने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा व शहीद स्मारक पर माल्यार्पण करके नमन किया। समारोह में उन्होंने भाग लेने वाले बच्चों व अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों को सम्मानित किया। समारोह में विधायक रामनिवास ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने उपरांत सभी टुकड़ियों का निरीक्षण किया तथा भव्य परेड की सलामी ली। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरपर्सन डा रेखा रानी, एसडीएम कृष्ण कुमार, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, डीएसपी कुलदीप सिंह उपस्थित रहे।



विधायक रामनिवास गणतंत्र दिवस में अव्वल छात्रों को सम्मानित करते।

### भारतमाता की जय उद्घोष से गुंजा डीएन स्कूल

डीएन मॉडल विद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस पर विज्ञान संकाय की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम की शुरुआत की स इस पावन पर्व पर विद्यालय के प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति के दौरान भारतमाता की जय के उद्घोष की गुंज सर्वत्र सुनाई दे रही थी। कक्षा छह से 12 के बच्चों ने फ्लैग मेकिंग में भाग लिया। संपूर्ण विद्यालय परिसर को राष्ट्रध्वज, अशोकचक्र, इंडिया गेट तथा अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों से बच्चों ने विद्यालय को सजाया। कक्षा छठी से आठवीं के सभी प्रतिभाशाली बच्चों ने स्वदेश प्रेम से परिपूर्ण गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करके देश भक्ति की भावना को उजागर किया वहीं कक्षा नौवी से बारहवीं तक के बच्चों ने भारतीय सेना, विज्ञान, शिक्षा, खेल और राजनीति जैसे गंभीर विषयों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि हम 26 जनवरी को ही गणतंत्र दिवस क्यों मनाते हैंः इस राष्ट्रीय पर्व पर संपूर्ण विद्यालय में मिठाई वितरित की गई।



**जींद।** डीएन मॉडल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ व सदस्य।



गोपाल स्कूल में कार्यक्रम में मौजूद नरेंद्र अत्री को स्मृति चिन्ह देते हुए।

### गोपाल स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस समारोह में जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन नरेंद्र अत्री मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ संस्कार केंद्र प्रमुख महावीर गर्ग, डा. रविंद्र गोयल, रमेश बंसल, कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख विनोद गर्ग, मनीराम, शिवकुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डा. प्रियदर्शी, महावीर मलिक, अमृता सैनी व विद्यालय प्राचार्य बलबीर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बलबीर द्वारा कार्यक्रम में पधारने पर सभी प्रबुद्धजनों का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत करते हुए गरिमामय परिचय करवाया गया। जिला चाइल्ड वेलफेयर कमेटी चेयरमैन नरेंद्र अत्री द्वारा देश की अखंडता व भगवान श्रीरामचंद्र के प्रति अगाध प्रेम भाव को प्रकट करते हुए गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर अपना उद्बोधन व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि देशसेवा के लिए व्यक्ति में श्रद्धा और समर्पण का भाव होना चाहिए। कार्यक्रम में संस्कार केंद्र शिक्षिकाओं सहित पूर्व शिक्षिका डेजी जैन भी उपस्थित रहीं।

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में किया ध्वजारोहण

हिंदू कन्या महाविद्यालय प्रांगण में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक समिति के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। प्राचार्या डा. पूनम मोर शिक्षक एवं गैरशिक्षक वर्ग के सदस्यों, एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया। प्राचार्या ने मंच के माध्यम से देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सभी को प्रेरित किया। प्रबंधक समिति के प्रधान अंशुल सिंगला ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में देशवासियों को बधाई दी। लड्डू वितरण के साथ ध्वजारोहण समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के विशिष्ट सदस्य बलदेव आहूजा, राजकुमार सिंगला, दिलीप सिंगरोहा, कैलाश सिंगला, एडवोकेट सुरेंद्र पूनिया सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में ध्वजारोहण करते हुए।

### लक्ष्य मिल्क प्लांट में मनाया गणतंत्र दिवस



लक्ष्य मिल्क प्लांट में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लक्ष्य ग्रुप के चेयरमैन बलजीत रेढू ने मिल्क प्लांट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कंडेला गांव में लक्ष्य मिल्क प्लांट ने इसके साथ ही अपनी स्थापना के 15 साल पूरे किए और 16वें साल में प्रवेश कर लिया। इस पर लक्ष्य मिल्क प्लांट के एमडी बलजीत रेढू ने कहा कि कंडेला गांव में जब 15 साल पहले उन्होंने लक्ष्य मिल्क प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया थाए तब कंडेला गांव किसान आंदोलनों के लिए जाना जाता था। कई लोगों ने उन्हें कहा कि कंडेला में करोड़ों रुपए का निवेश करना जोखिम से खाली नहीं है। उन्होंने इस तरह की बातों की परवाह नहीं की और कंडेला गांव तथा आसपास के सभी गांवों के लोगों पर भरोसा किया और यहां लक्ष्य मिल्क प्लांट स्थापित किया। आज लक्ष्य मिल्क प्लांट हरियाणा में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा मिल्क प्लांट है। इस मिल्क प्लांट के साथ 20 हजार से 'यादा परिवार जुड़े हुए हैं। उनकी रोजी-रोटी का बड़ा जरिया लक्ष्य मिल्क प्लांट बना हुआ है। बलजीत रेढू ने कहा कि जो किसान और पशुपालक प्लांट को दूध सप्लाई कर रहे हैं, उन्हें दूध के अच्छे भाव लक्ष्य मिल्क प्लांट दे रहा हैए और इससे इन परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। गणतंत्र दिवस पर वह लक्ष्य मिल्क प्लांट की तरफ से यह संकल्प दोहराते हैं कि लक्ष्य मिल्क प्लांट इसी तरह से किसानों और दूसरे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने में लगा रहेगा। इस मौके पर लक्ष्य के पदाधिकारी प्रदीप रेढू, विवेक सिंगला समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### स्टेपिंग स्टोन स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया



**सीवन।** स्टेपिंग स्टोन इंटरनेशनल स्कूल सीवन में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। परम 'योति स्कूल ऑफ नर्सिंग के प्रमुख वेद प्रकाश मुंजाल तथा पुष्पा मुंजाल ने ध्वजा रोहण किया। इस अवसर पर बच्चे तिरंगे की पोशाकों में तैयार होकर आए। कुछ बच्चों ने चार्ट बनाए और कुछ बच्चों ने तिरंगे की रंगोली बनाई।



विधायक ईश्वर सिंह गणतंत्र दिवस पर अव्वल कार्य करने वालों को सम्मानित करते।

### विधायक ईश्वर सिंह ने कलायत में फहराया तिरंगा

**कलायत।** विधायक ईश्वर सिंह ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई देते कहा कि आज मैं स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों को भी नमन करता हूं, जिनके अमर बलिदानों से हमें गणतंत्र दिवस मनाने का यह गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ है। 74 वर्ष पहले 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। गुहला-चीका के विधायक ईश्वर सिंह कलायत अनाज मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने उपरांत उपमंडल वासियों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ईश्वर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा भव्य परेड की सलामी ली। भव्य टुकड़ियां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलायत, एमडीएन पब्लिक स्कूल, बाल विकास पब्लिक स्कूल, निर्मल पब्लिक स्कूल की रही। विभिन्न विद्यालयों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश की उन्नति एवं कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करती भव्य झांकियां इस समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं।

### छात्राओं ने जमाया रंग



**राजौंद।** नगर के पूंडरी रोड पर एसडीएम इन्टरनेशनल स्कूल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान स्कूल संचालक अश्वनी शर्मा ने अपने कर कमलों से ध्वजारोहण करके मां सरस्वती पूजन से किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, हरियाणवी, लोकगीत व नृत्य द्वारा सबका मन मोह लिया। स्कूल प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बच्चों को राष्ट्र पर्व के बारे में बताया व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर अश्वनी शर्मा जी.डी.पी जयभगवान, प्रिया राणा, राकेश कुमार, सोनू कुमार, विक्रम सिंह , सुनीता, राजीव शास्त्री सहित सभी सहित मौजूद रहे।

### एमडीएन ग्लोबल स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस



**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार, मैनेजर गौरव गर्ग, चेयरपर्सन निधि कंसल और प्राचार्य डॉ संत कौशिक द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसी के साथ ही विद्यालय द्वारा लोकतंत्र जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य डॉ संत कौशिक द्वारा विद्यार्थियों को संविधान के इतिहास और आवश्यक अनुच्छेदों से अवगत कराते हुए कहा कि संविधान किसी भी राष्ट्र को असल मायने में लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रारूप देने के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ विनोद कुमार ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि भारत को एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाने के संघर्ष में बहुत से शूरवीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और हमें कुर्बानियों को हमेशा स्मरण रखना चाहिए। उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर और संविधान के सिद्धान्तो का पालन करना ही हर भारतवासी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### रणधीर कादयान ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जाखौली में गणतंत्र दिवस उत्साह और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि रणधीर कादयान द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देश के महान इतिहास विविध परंपराओं और स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदानी व प्रेरणा का समर्पण किया। छात्र छात्राओं ने राष्ट्रभाव को प्रकट करने वाले पैतृक गीत नृत्य प्रस्तुतियों और स्किट्स के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताएं और गणतंत्र दिवस के विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया और छात्र-छात्राओं को इस दौरान सम्मानित किया। इसके अलावा गांव सेरधा के अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर मधु वालिया ने ध्वजारोहण करते हुए सबको शुभकामनाएं दी। दौरान छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## जिला कार्यालय कपिल कमल में संगठनात्मक बैठक का आयोजन

# योजनाओं को घर-घर लेकर जाएंगे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय जनता पार्टी जिला के जिला कार्यालय कपिल कमल में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया । अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने की। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कमलेश, विधायक लीला राम गुजर हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित करके की। वंदे मातरम-गीत के साथ बैठक का शुभारभ हुआ। मुख्यवक्ता एडवोकेट वेदपाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते बीजेपी गांव चलो अभियान की शुरूआत करने जा रही है. इसकी शुरूआत 4 फरवरी से होगी। अभियान के तहत नेता गांव-गांव जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा करेंगे। एक और दो फरवरी को जिले के 12 मंडलों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मंत्री विधायक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के पदाधिकारी मंडल प्रभारी शामिल होंगे। भाजपा ने गांव चलो अभियान के जरिए जनता से सीधे जुड़ने की तैयारी की है. लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर इसकी शुरूआत 4 फरवरी से होगी और 11 फरवरी तक चलेगी। सभी छोटे-बड़े नेता गांवों में करेंगे प्रवासः ग्रामीणों को मोदी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराने के लिए बीजेपी के सभी छोटे-बड़े नेता 24 घंटे गांव में प्रवास करेंगे।



**कैथल।** राज्यमंत्री कमलेश ढांडा का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर।

### ये रहे मौजूद

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना मनीष काठवाड़ सुरेश गर्ग नोच तेजवीर सिंह पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर रवि तारावली जसवंत पठानिया सुरेश राविश जिला महामंत्री सुरेश संधू रामपाल राणा जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, भीम सेन, बलविंदर जांगड़ा, आदित्य भारद्वाज, संजीव कांगड़ा, कृष्ण ढुल, विनोद बंसल, राजेश पिंटू, कुलदीप सिंह, प्रवीन प्रजापति, प्रवीन सरदाना, ज्योति सैनी, अनिता चौधरी, वीना सेठी, राजेश बिडान, सतपाल भारद्वाज, हरि चंद जांगड़ा, कृष्ण पिलनी, लीला राम गर्ग, साहब सिंह, देवी दयाल बरसाना, कपिल दीक्षित, सुरेश क्योडक, प्रयाग राज बालू, सुरेंद्र गर्ग बिट्टू, अशोक सेरधा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एकलव्य स्टेडियम में आप की बदलाव रैली आज

- दिल्ली के सीएम तथा पंजाब के सीएम करेंगे रैली को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ने शनिवार को जींद में आयोजित बदलाव जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव जनसभा ऐतिहासिक होगी। इस बदलाव रैली को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि जींद हरियाणा का दिल है, दिल में उतर जाएंगे तो पूरे हरियाणा में छा जाएंगे। इसलिए इसी बदलाव जनसभा के माध्यम और जींद की धरती से आम आदमी को हरियाणा में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेगी। इस बदलाव में पूरे हरियाणा से आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं समेत हरियाणा के 7000 गांवों से और एक हजार से 'यादा वार्ड से लोग पहुंचकर बदलाव का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से जींद हरियाणा का सबसे ज्यादा एक्टिव क्षेत्र है।

जींद जिले में एक लाख से 'यादा युवा बेरोजगार हैं। वहीं जींद के लोगों ने सबको सत्ता तक पहुंचाने का काम किया है। इसके बावजूद भी जींद पिछड़ा हुआ है।

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, रविवार, 28 जनवरी 2024


14
मांगों को लेकर गोभक्तों ने गोहाना रोड पर जाम लगाया



14
इंडस स्कूल में चौ. मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि मनाई






# सबका साथ सबका विकास
# मोदी है तो गारन्टी है।

## जो राम का नहीं हमारे काम का नहीं
## जो राष्ट्र प्रेम से भटक गया
## परिवारवाद में अटक गया
## भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लटक गया।
## अब वो भारतीयों की आंखों में खटक गया।



नाड़ी वैद्य कायाकल्प

नाड़ी वैद्य कायाकल्प के संस्थापक
विश्वप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य ''वैद्य सत्यप्रकाश आर्य''

# समस्या रोग नहीं है अंग्रेजी दवा है, इसे बदलिए
# आयुर्वेद व पंचकर्म चुनिए

- आप खांसी या निमोनिया के लिए गए दमा बना दिया
- आप दर्द को दूर करने के लिए गए - बी.पी., गठिया, रोगों से लड़ने की ताकत समाप्त हो गई। दवाओं ने काम करना बंद कर दिया।
- आप गैस कब्ज को दूर करने के लिए गए थे हर्नियां, Hiatus Hernia, इनगुआइनल, अम्बाइलिकल हार्निया, माइग्रेन के रोगी बन गए।
- अनिन्द्रा व डिप्रेशन को दूर करने के लिए गए - नपुंसकता, अशक्तता, घबराहट, बैचेनी के रोगी बन गए।
- मोटापा दूर करने के लिए गए - डिप्रेशन व झाईयों से ग्रस्त हो गए

**आपके रोगों का कारण दूर न होने की बजाय आप इनके एंटी बैक्टिरियल व एंटी वायरस के शिकार बनते चले गए परिणास्वरूप अनेकों रोगों के घर बन गए।**

**पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधियों की सहायता से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर आपके सभी रोगों का स्थाई समाधान होता है।**

| शुगर / पीलिया | कब्ज/ बी.पी. | माइग्रेन / सर्वाइकल | ऐसीडीटी/ डिप्रेशन | टाइफाइड/ नपुंसकता |
|---|---|---|---|---|

सदा दवाओं का प्रयोग करना या औषधि का काम न करना मुख्य कारण है। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity Power) का खत्म हो जाना इसलिए रोजाना घटनाएं घटित हो रही हैं अचानक Heart Failure या Kidney Failure, Liver Cirosis Hepatitis B-C, Cancer

**अब कोई घबराने की आवश्यकता नहीं?** आयुर्वेदिक इलाज व जानकारी के लिए संपर्क करें **8595-299-299, 7428-299-299**

## डॉक्टर
### एलोपैथी चिकित्सा

**जांच :** इलोपैथी डॉक्टर पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर जो उन्होंने रिसर्च किया है। उसी को आधार बनाकर बैक्टिरिया व रोग को जानता है।

**पीलिया :** इस पद्धति में टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर केवल Bilirubin Test के आधार पर पीलिये को निश्चित करता है।

**टायफाइड :** एलोपैथिक केवल Vidal (+) होने पर ही टायफायइड मानता है। कई बार देखा गया है (Vidral+) होने पर भी आयुर्वेदिक लक्षण को नहीं बताता।

**शुगर :** एलोपैथी में शुगर केवल Type-1, Type-II होती है, जो केवल Insulin पर आधारित है जो लक्षणों से रहित है।



जब पंचकर्म व आयुर्वेदिक औषधि,
अनुभवी वैद्य नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान में आपके पास उपलब्ध हो।
जन्म के पश्चात होनने वाले प्रत्येक रोग ठीक हो जाता है।
इस चरक के सिद्दांत की नाड़ी वैद्य कायाकल्प संस्थान ने सिद्ध किया है।
जिसका देश-विदेश से हजारों-लाखों लोग फायदा उठाकर
स्वस्थ जीवन जी रहे हैं।

**आप भी जीवन का आनन्द प्राप्त करिए, आप भी स्वस्थ व दीर्घायु बनिए**

**आप देश भर में कहीं से भी घर बैठे कोरियर द्वारा दवा मंगवा सकते हैं।**

## नाड़ी वैद्य
### आयुर्वेदिक चिकित्सा

नाड़ी वैद्य नाड़ी देखकर रोग, दोष व दुष्य को जानता है। दर्शन, स्पर्शन व प्रश्न के द्वारा रोग को सुनिश्चित करता है। वैद्य सत्यप्रकाश आर्य पिछले 40 वर्षों से आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा नाड़ी देखकर असाध्य रोगों का इलाज कर रहे हैं, इसलिए घबराएं नहीं रोगों को जड़ से समाप्त करवाने के लिए नाड़ी वैद्य कायाकल्प पर आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज करवाए। वैद्य जी नाड़ी देखकर रोग का कारण जानते हैं, फिर दवा पंचकर्म और परहेज से इसे समूल नष्ट करते हैं।

**नाड़ी दिखाने के लिए आप रोजाना आ सकते हैं रोहतक (हरियाणा) नांगलोई (दिल्ली)**

नाड़ी वैद्य कायाकल्प

**रोहतक** हुड्डा सेक्टर-1 की दूसरी पुलिया के सामने, नजदीक दिल्ली बाईपास,रोहतक (हरियाणा)
नाड़ी देखने का समय : प्रात 7 से सुबह 11:30 बजे तक
पंचकर्म : सुबह 7 से सायं 5 बजे तक

**दिल्ली** नजदीक नारायण धर्म कांटा, सोम बाजार-बुध बाजार रोड, नांगलाई-नजबगढ़ रोड, महाराजा अजमिढ़ भवन, नांगलोई (दिल्ली)
नाड़ी देखने का समय : दोपहर 1 से सायं 5:00 बजे तक
(बुधवार को अवकाश रहेगा)

आप हमारे YouTube चैनल NADI VAIDYA KALAKALP पर जाकर देखिए आयुर्वेद द्वारा सभी रोगों का घरेलू उपचार

आयुर्वेद में नये व पुराने रोगों का घरेलू इलाज जानने के लिए स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें **8595-299-299, 7428-299-299**
For more details : visit our website : **www.nadivaidyakayakalp.in**

Follow us :

## खबर संक्षेप

### ढिगाना से टयूब्वेल की मोटर चोरी, मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के ढ़िगाना गांव के खेत से टयूब्वेल की मोटर चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ढिगाना गांव निवासी सुल्तान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जनवरी की रात को उसके खेत से टयूब्वेल की मोटर चोरी हो गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव ईंटल कलां में बाइक पर खेत से लौट रहे एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया और कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट और धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने 14 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में माता गेट कैथल निवासी अतुल ने शहर थाना में शिकायत दी कि 25 जनवरी को रात करीब आठ बजे वह महर्षि वाल्मीकि चौक के पास से जा रहा था। वहां पर तीन अज्ञात आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और चोटें मारी।

### लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाएं

**पूंडरी।** विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि हलका पूंडरी में समग्र विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। समूचे क्षेत्र का विकास एक समान किया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया गया है। आमजन के सामुहिक कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है।

### छातर में आप प्रदेशाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**उचाना।** गणतंत्र दिवस समारोह क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। छातर गांव के बाबा मंशानाथ मंदिर छात्तर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर आप के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता पहुंचे। इस मौके पर राजरूप छातर, वीरेंद्र प्रधान, वजीर ढांडा, डॉ. रजनीश जैन, मनोज श्योकंद, लाभ सिंह मौजूद रहे।

### समाज सेवा के कार्य करने पर किया सम्मानित

**उचाना।** सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने पर स्वतंत्र समूह सेवा समिति को गणतंत्र दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। समिति प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि बिजली मंत्री रणजीत चौटाला द्वारा प्रशंसा पत्र देकर समिति पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। निरंतर समिति गांवों में स्वाथ्य जांच कैंप, विद्यार्थियों के नेत्र जांच कैंप, बुजुगारें की आंखों का चेकअप करवा मोतियाबिंद के आप्रेशन करवाने के साथ-साथ समाज सेवा के कार्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में कर रही है। निरंतर ये कार्य जारी रहेंगे।

---

आमरण अनशन पर बैठे महाराज जगतानंद के सर्मथन में पहुंचे थे गोभक्त

# मांगों को लेकर गोभक्तों ने गोहाना रोड पर जाम लगाया

- जाम के कारण चालको तथा यात्रियो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा
- पहले किया शहर में प्रदर्शन, फिर गोहाना रोड पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के निकट शनिवार को मांगों को लेकर गोहाना रोड पर जाम लगा रहे डेढ़ दर्जन से ज्यादा गोभक्तों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। गोभक्तों मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे महाराज जगतानंद के सर्मथन में प्रदर्शन करते लघु सचिवलाय के निकट कोर्ट मोड पर पहुंचे थे। गौभक्तों द्वारा जाम लगाए जाने के कारण वाहन चालको तथा यात्रियो को काफी परेशानी का सामना करना पडा। गौशालाओं में चल रहे हडवारों को बंद करवाने, गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने समेत अन्य मांगों को लेकर गौभक्त शनिवार को जयंती देवी मंदिर में एकत्रित हुए। जिसके बाद नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय के निकट कोर्ट मोड पर अनशन पर बैठे महाराज जगतानंद के पास पहुंचे। गोभक्तों ने कहा कि महाराज जगतानंद पिछले पांच दिनों से मांगों को लेकर



जींद। प्रदर्शन करते गोभक्त।

अनशन कर रहे हैं लेकिन अभीतक न तो प्रशासन ने कोई कदम उठाया है और ना ही सरकार ने उनकी मांगों को लेकर कोई बातचीत की है। जिससे खफा होकर गौभक्त कोर्ट मोड पर गोहाना रोड पर आ गए और सड़क पर बैठ कर विरोध जताने लगे। जिसके चलते गोहना रोड बाधित हो गया। जाम लगने की सूचना पाकर डीएसपी जोगेंद्र सिंह, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन मोर पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और रास्ता खोलने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने रास्ता बाधित करने से वाहन चालकों तथा यात्रियों की परेशानी का हवाला दिया। जब गौभक्त नहीं माने तो



जींद। जाम लगाए गोभक्त। फोटो :हरिभूमि

पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। काबिलेगौर है कि गांव धड़ौली गौशाला की वीडियो वायरल हुई थी। जिसके बाद से मामला तूल पकडे.हुए है। उन्हीं मांगों को लेकर जगतानंद महाराज पिछले पांच दिनों से लघु सचिवालय के बाहर आमरण अनशन बैठे हैं। गौभक्तों द्वारा गोहाना रोड जाम करने के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन मोर ने कहा कि कुछ युवक गोहाना रोड पर बैठ गए थे।

---

# किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन एकता उगरांहा हरियाणा ब्लॉक कमेटी गुहला द्वारा राज्य प्रधान कंवरजीत सिंह की अध्यक्षता में अनाज मंडी चीका के गेट से शुरू करके, शहर की सभी सड़कों पर ट्रैक्टर मार्च किया गया। जो कि आज किसान मोर्चा के आवाहन पर पूरे देश में किया जा रहा है। ये ट्रैक्टर मार्च केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के साथ कि गईं वादाखिलाफी के विरोध में किया गया। देश के किसान संगठनों का मानना है कि मौजूदा सरकार किसानी को तबाह करने वाली नीतियों को देश के किसानों पर थोप रहीं हैं। संगठन तो यह मांग कर रहा है कि सरकार


गुहला चीका। ट्रैक्टर मार्च निकलते हुए किसान। फोटो :हरिभूमि

द्वारा एम एस पी पर कानून बनाकर सभी फसलों की खरीद की गारंटी की जाए, किसान मजदूरों के कर्ज़े माफ किए जाएं, मगर सरकार उल्टा पूंजीपतियों का कर्ज़ा माफ कर रही है। सरकार अभी तक पूंजीपतियों का लाखों करोड़ रूपया माफ कर चुकी है। वहीं दूसरी तरफ देश में आए दिन 45 से 50 किसान सरकार की गलत नीतियों के कारण आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। आज के इस ट्रैक्टर मार्च में खेड़ी दाबन, चीक गांव, टिल्ला प्लाट, बाऊपुर, रत्ता खेड़ा घड़ाम, भाटियां बदसूई,पीड़ल व अन्य गांवों के सैकड़ों किसानों ने अपने ट्रैक्टरों के साथ भाग लिया।

### स्नेहा ने नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में पाया द्वितीय स्थान

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा स्नेहा ने नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि खेलों के माध्यम से छात्राएं देश का नाम ऊंचा कर रही हैं। सभी अभिभावकों को अपनी बेटियों को यह अवसर प्रदान किया जाना चाहिए ताकि सभी की प्रतिभा निकाल कर सामने आए। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के अध्यक्ष डा. रणधीर सिंह ने बताया कि चौथी सीनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप, पिट्टू एसोसिएशन ऑफ गुजरात ने 13 से 16 जनवरी के मध्य स्वामीनारायण मिशन, सूरत, गुजरात में आयोजित की। जिसमें छात्रा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## दूसरी बार प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान बने बलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कैथल की कार्यकारिणी का गठन जिला मुख्यालय पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला हुड्डा सेक्टर 19 कैथल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अध्यापक खुशीराम ने की तथा आब्जर्वर के रूप में अंबाला जिले से राज्य कार्यकारिणी के प्रतिनिधि के तौर पर राजेश शर्मा अमित छाबड़ा पहुंचे।

उन्होंने जिला कैथल की जिला कार्यकारिणी का चुनाव करवाया। आज कैथल में जिला कार्यकारिणी का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया गया। इसमें बलवान छौत को दूसरी बार संघ का प्रधान चुना गया,महेंद्र पाल को जिला महासचिव व संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली तथा अन्य जिला कार्यकारिणी सदस्यों का भी चुनाव सर्वसम्मति से हो गया। छौत ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौपी है, बखूबी निभाएंगे तथा सभी को साथ लेकर चलेंगे। इस अवसर पर मनोहर लाल , मनोज खरब ,सतीश शर्मा ,मुल्तान सिंह ,फतेह सिंह राम भक्त ,नरेश कुमार ,इशम सिंह भारती ,सतवीर ,नाहर सिंह ,दर्शन सिंह सुरेंद्र चहल सुरेश महावीर सिंह नरेश खटकड़ कुलदीप आदि मौजूद रहे।

---

## लोक कलाकार महावीर गुड्डू को मिलेगा पद्मश्री अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत सरकार ने जींद के लोक कलाकार महावीर गुड्डू को पद्मश्री अवार्ड देने का ऐलान किया है। उनको पुरस्कार मिलने की घोषणा पर सीएम मनोहर लाल और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आधी रात को फोन कर उनको बधाई दी। महावीर ने कहा कि यह पुरस्कार परम पिता परमात्मा को समर्पित है। इससे पहले वर्ष 2023 में महावीर गुड्डू को केंद्र सरकार ने संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया है। महावीर गुड्डू शिक्षक होने के साथ प्रसिद्ध हरियाणवीं कलाकार है। वे देश व विदेश में बड़े-बड़े पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं। गुड्डू हरियाणवी चुटकुले, शिव गायन और बम लहरी से खूब मनोरंजन करते हैं। करीब 50 साल से लोक संस्कृति गतिविधि से जुड़े, गुड्डू एमए और एमएड तक पढ़ाई की है। उन्होंने ड्रामा और लोग गीत के क्षेत्र में लंबे समय तक काम किया है। सरकारी कार्यक्रमों के साथ वे कॉलेजों व विवि में होने वाले युवा महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते है।



## विधायक ने रखी सर छोटूराम चौक की आधारशीला

- अब घोषणाओं के साथ ही कार्यों को सिद्ध करने का समय : डा. कृष्ण मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अब घोषणाओं के साथ ही कायार्ं को सिद्ध किया जा जा रहा है। इसी को लेकर शनिवार को जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने पुलिस अधीक्षक आवास के सामने सर छोटूराम की प्रतिमा बनाने के लिए नींव रखी। इस दौरान नगर परिषर अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, जाट धर्माथ सभा के प्रधान देवव्रत ढांडा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। यहां विधायक डा. कृष्ण


जींद। आधारशीला रखते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा।

मिड्ढा ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों के साथ मासिक बैठक की थी। इस बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए थे कि हर हाल में पुलिस अधीक्षक आवास के सामने सर छोटूराम की प्रतिमा को स्थापित किया जाए। इस चौक का निर्माण शीघ्र करवाया जाए। जिस पर अधिकारियों ने बताया था कि आगामी सप्ताह में चौक निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। शनिवार को यह कार्य शुरू हो गया है। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सर छोटूराम चौक की भव्यता में किसी तरह की कोई कमी नही छोड़ी जाएगी। उन्होंने निर्माण ठेकेदार को दिशा-निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए और इस कार्य को तय समय में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभांवित कर रही है। इसके लिए जनहितैषी योजनाएं बनाई जा रही है। उनका भी प्रयास है कि जिला में जो भी घोषणाएं की गई हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कैथल।** गांव कौल में अज्ञात ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कौल निवासी सतबीर सिंह ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 26 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे उसका 19 वर्षीय बेटा मंदीप मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव की मुख्य सडक से जा रहा था। वहां अज्ञात ट्रक चालक ने तेजगति व लापरवाही से ट्रक चलाते हुए उसके बेटे को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया और ट्रक चालक मौके से भाग गया। दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मंदीप की मौत हो गई। जांच अधिकारी जोगिंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

---

## जींद में लगे एसवाईएल हरियाणा का गद्दार अरविंद केजरीवाल के पोस्टर

- आज जींद में होगी आम आदमी पार्टी की बदलाव रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में 28 जनवरी रविवार को आम आदमी पार्टी की बदलाव रैली का आयोजन होने जा रहा है। इस रैली में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान समेत आप के सभी बड़े नेता पहुंचेंगे। इससे पहले जींद शहर और जुलाना में एसवाईएल हरियाणा का गद्दार केजरीवाल लिखे पोस्टरों से शहर को पाट दिया गया है। यह पोस्टर किसने लगाएए इसके बारे में



जींद। की दीवारों पर चस्पा किए गए पोस्टर।

अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। शनिवार को सुबह लोग सड़कों पर निकले तो रानी तालाब, गोहाना रोड, राजकीय कालेज की दीवारों पर बड़े पोस्टर चस्पा किए गए थे। इन पोस्टरों पर लिखा है कि एसवाईएल हरियाणा का गद्दार और इसके साथ नीचे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का नाम और उनका फोटो लगाया गया है। बजाया जा रहा है कि इससे पहले रोहतक में भी इसी तरह के पोस्टर उनकी रैली से पहले लगाए गए थे और अब जींद में 28 जनवरी को एकलव्य स्टेडियम में होने वाली रैली से पहले ये पोस्टर लगाए गए हैं। लोगों ने जब इन पोस्टरों को देखा तो इसकी फोटो खींचकर वायरल कर दी। अब सोशल मीडिया पर भी यह पोस्टर वायरल हो रहे हैं।

### राजकुमार गोयल ने फहराया तिरंगा

**जींद।** शाइनिंग स्टार फाउंडेशन द्वारा शाइनिंग स्टार प्ले स्कूल भिवानी रोड पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में जींद विकास संगठन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। राजकुमार गोयल द्वारा इस मौके पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यकर्म की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष मनजीत भोंसला द्वारा की गई। राजकुमार गोयल ने कहा कि आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इस संविधान के कारण ही हमें न्याय, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार मिला। गोयल ने कहा कि आज हम आजादी की जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे देशभक्तों के त्याग और बलिदान की लंबी गौरवगाथा जुड़ी हुई है।

## पूंडरी हलका विकास में पिछड़ा: भाना

- पूंडरी में हलका स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में पाई रोड स्थित हल्का स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा हुई। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर भाना ने भाग लिया। भाणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि पूंडरी हलका विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ गया है। पूंडरी हलके में विकास मौजूदा विधायक व उसके पुत्रों को ही नजर आता है, जबकि धरातल पर विकास नाम की कोई चीज नहीं है। भाणा ने बताया कि 10 मार्च को पूंडरी अनाज मंडी में बदलाव रैली की जाएगी। जिसमें


पूंडरी। कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में बदलाव रैली का कार्ड देते भाणा।

जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला भाग लेंगे। जिसके लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां भी लगाई गई।

लोगों को रैली में आमंत्रित करने के लिए 50 हजार कार्ड छपवाए गए है। जो वे और उसके साथी हर घर व परिवार तक निमंत्रण कार्ड पहुंचाएंगे। इस रैली के बाद से ही हरियाणा प्रदेश में बदलाव आएगा और राजनीतिक परिस्थितियों बदलेंगी। व्यापक स्तर पर पूंडरी में भ्रष्टाचार फैला हुआ है।

---

## इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी लक्षित का लेफ्टिनेंट पद पर चयन

- लक्षित के चयन पर स्कूल में खुशी का माहौल
- उपलब्धि का श्रेय माता-पिता तथा शिक्षकों को दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

26 जनवरी को एनडीए का फाइनल परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इसमें इंडस पब्लिक स्कूल के छात्र लक्षित मलिक का लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ। इस उपलब्धि का श्रेय लक्षित मलिक ने अपने माता-पिता तथा शिक्षकों को दिया है। इस अवसर पर इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने एनडीए की परीक्षा को सफलतापूर्वक प्राप्त करने वाले छात्र और उसके अभिभावकों एवं


लक्षित मलिक।

अध्यापकों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से लक्षित ने अपने स्कूल, जिले और माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस विशिष्ट उपलब्धि पर इंण्डस पब्लिक स्कूल जींद की प्राचार्या अरूणा शर्मा ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी की उपलब्धि पर हर्ष प्रकट करते हुए बताया कि लक्षित मलिक इंडस पब्लिक स्कूल का एक होनहार तथा अनुशासनप्रिय विद्यार्थी है। वह स्कूल का सीनियर हैड ब्वाय भी है। स्कूल में भी उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहता है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि इंडस पब्लिक स्कूलए जींद के विद्यार्थी हर क्षेत्र में हमेशा की तरह अपनी योग्यता का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में बच्चों का सवांर्गीण विकास होना अत्यंत आवश्यक है। इंडस पब्लिक स्कूल जीन्द का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे के बौद्धिक और शारीरिक विकास में वृद्धि करना है।

---

शिक्षक व विद्यार्थियों ने प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

## इंडस स्कूल में चौ.मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल में विद्यालय के संस्थापक चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया,डायरेक्टर अभिषेक सहारण, अध्यापक गण व विद्यार्थियों ने /"आर्य जी/" की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसी श्रृंखला में विद्यालय में भाषण, कविता गायन, संगीत, पोस्टर मेकिंग आदि गतिविधियाँ भी हुई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़ कर


कैथल। मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर हवन में आहुति डालते स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

भाग लिया। इसी के साथ सभी ने 2 मिनट का मौन भी धारण किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या तनु पूनिया एवं डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने स्वयं विद्यार्थियों के साथ वृद्ध आश्रम तथा अनाथ आश्रम में जाकर वृद्धों व बच्चों को भोजन खिलाया तथा बच्चों को भविष्य में भी इस प्रकार की चैरिटी करने के लिए प्रेरित किया। बुजुर्गों ने अपने अनुभव बच्चों के साथ सांझा किए जिससे विद्यार्थियों की आंखें भर आई। तनु पुनिया ने चौधरी मित्रसेन जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सौम्य-स्वभाव से सभी को अपना बनाया और कर्मठता व श्रम- साधना से जहां बुलंदियों को हासिल किया वहीं विनम्रशील व्यवहार व मानवीय गुणों से समाज में सम्मान एवं यश प्राप्त किया। उन्होंने अपने समाज हितैषी कार्यों से अपने आदर्श सत्व की अमिट छाप छोड़ी है। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर दूसरों की सहायता करनी चाहिए तथा उनकी आदर्श और समाज को दिशा देने वाली पद्धति का अनुसरण करना चाहिए। डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने भी उनके व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए कहा कि 'पिताजी' आज भले ही हमारे बीच नहीं रहे हो लेकिन उनके आदर्श एवं सकारात्मक दृष्टिकोण हमें युगों-युगों तक आलोकित करता रहेगा।